16

कार्यालयः—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गया वन प्रमण्डल, गया।

Phone & Fax No- 0631-2220406 , Mob. No. 8986153379, Email id - gaya dfo@gmail.com

पत्रांक ......190..... गया/823001,दिनांक... 28/02/18

प्रेषक,

रणवीर सिंह,भा0व0से0
वन प्रमण्डल, पदाधिकारी
गया वन प्रण्मडल, गया।

सेवा में,

वन संरक्षक,
गया अंचल,गया।

विषयः— रिलांयस जिओ इन्फोकॉम लि0 द्वारा एस0एच0—71(जहानाबाद—राजगीर) एस0एच0—04 (खिजरसराय—टेउसा) कुल ल0—59 कि0मी0 पर ऑप्टिकल फाइबर केवल बिछाने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम् 1980 के अन्तर्गत वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव।

प्रसंगः— अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक(कैम्पा)—सह—नोडल पदाधिकारी, (वन संरक्षण) बिहार पटना का पत्रांक—रा0क्र0 31/17 (व0सं0)संख्या कैम्पा व0स0-320 दिनांक 15.05.2017

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के निर्देशानुसार स्थलीय जॉचोपरान्त कंडिकावार विवरण निम्नवत है:—

(I) गया जिलान्तर्गत लाट (जहानाबाद की सीमा) से बाना मोड़ (खिजरसराय) एवं बाना मोड़ से टेउसा तक पथ तट सुरक्षित वन "है,जिसका रकवा 0.256 हे0 है तथा टेउसा से सरबहदा (जहानाबाद की सीमा) तक पथ पट वन सीमा से बाहर है जिसका रकवा 0.104 हे0 है। साथ ही जहानाबाद जिलान्तर्गत में जहानाबाद से जगतपुर जिसका रकवा 0.17262 हे0 है तथा लाट से कन्हौल तक जिसका रकवा 0.04932 हे0 है।

(II) संलग्न नक्शा का भौतिक सत्यापन किया गया।

(III) परियोजना निर्माण के लिए अपयोजित होने वाली वन भूमि का क्षेत्रफल 0.47794 हे0 है।

(IV) स्थल निरीक्षण टिप्पणी संलग्न है।

(V) अपयोजन होने वाली वन भूमि का रकवा 1 हे0 से कम है। क्षतिपूरक वनरोपण का प्राक्कलन संलग्न है।

(VI) परियोजना क्षेत्र पथ पट है,इसके आस—पास गाय—बैल—बकरी —सियार आदि देखे जाते है। वन्यप्राणियों का सामान्यतः यहां अभाव है।

(VII) परियोजना क्षेत्र निर्माण स्थल से वन्यप्राणी आश्रयणी की दूरी 21 कि0मी0 है।

(VIII) FRA 2006 का प्रमाण—पत्र इस कार्यालय के ज्ञापांक—8470 दिनांक—11.11.2017 द्वारा भेजा गया है।

(IX) आवेदित स्थल का जी0पी0एस0 रीडिंग प्रस्ताव में अंकित है जो सही है।

इस पत्र के साथ प्रस्ताव की पाँच प्रतियॉ राज्य सरकार/भारत सरकार से पूर्वानुमति प्राप्त करने हेतु अनुशंसा सहित अग्रेतर कारवाई हेतु प्रेषित।

अनुलग्नक—यथोक्त।

विश्वासभाजन,

Ranvir Singh 24.2.18

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गया वन प्रमण्डल, गया।